# माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, राजस्थान, अजमेर

राज्य प्रतिभा खोज परीक्षा (STSE) 2016

(कक्षा–10 व 12 में अध्ययनरत् विद्यार्थियों हेतु)

## निर्देश, नियम एवं पाठ्यक्रम

राज्य प्रतिभा खोज परीक्षा (STSE) राज्य स्तर पर योग्य परीक्षार्थियों के चयन के लिए स्कूल शिक्षा विभाग के माध्यम से कक्षा 9 व 11 के पश्चात् विद्यार्थियों हेतु विज्ञान व गणित विषय में आयोजित की जायेगी। कक्षा 9 वीं उत्तीर्ण तथा कक्षा 10 में अध्ययनरत परीक्षार्थियों की कक्षा 10 स्तरीय परीक्षा एवं कक्षा 11 वीं उत्तीर्ण तथा कक्षा 12 में अध्ययनरत छात्रों की कक्षा 12 स्तरीय परीक्षा पृथक–पृथक रूप से आयोजित की जायेगी।

01. छात्रवृत्ति :– इस परीक्षा में राजस्थान सरकार द्वारा सरकारी विद्यालयों एवं राजस्थान माध्यमिक शिक्षा परिषद् द्वारा संचालित मॉडल स्कूल सहित माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक दोनों स्तर पर पृथक–पृथक प्रथम 50–50 स्थान प्राप्त करने वाले न्यूनतम 80 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाले परीक्षार्थियों को कक्षा 11 व 12 तक रूपये 1250/– प्रतिमाह तथा स्नातक एवं स्नातकोत्तर स्तर की शिक्षा प्राप्त करने तक रू. 2000/– प्रतिमाह छात्रवृत्ति देय होगी। जिन परीक्षार्थियों का चयन छात्रवृत्ति हेतु राज्य प्रतिभा खोज परीक्षा (STSE) कक्षा 10 स्तर पर हो गया हो, उन्हें उक्त परीक्षा हेतु पुनः कक्षा 12 स्तरीय राज्य प्रतिभा खोज परीक्षा (STSE) में प्रविष्ट होने की आवश्यकता नहीं है। चयनित परीक्षार्थियों को स्नातकोत्तर तक नियमित अध्ययन करने पर ही छात्रवृत्ति देय होगी। चयनित विद्यार्थी यदि पूर्व में अन्य कोई छात्रवृत्ति प्राप्त कर रहा है, तो वह केवल एक ही छात्रवृत्ति के लिए पात्र होगा। माध्यमिक तथा उच्च माध्यमिक स्तर के चयनित प्रथम 50 छात्रों के चयन के समय यदि अन्तिम स्थान (50वें स्थान) पर एक से अधिक परीक्षार्थी मैरिट में आते है तो उस स्थिति में निम्न प्रकार से प्रकिया अपनाई जायेगी :–

(A) समान अंक प्राप्त करने वाले परीक्षार्थियों में से उस परीक्षार्थी का चयन किया जायेगा जिसने बौद्धिक योग्यता परीक्षा (MENTAL ABILITY TEST) में अधिक अंक प्राप्त किये हों।

(B) यदि बौद्धिक योग्यता परीक्षा (MENTAL ABILITY TEST) में भी एक से अधिक समान परीक्षार्थी रह जाते है, तो इनमें से जिन परीक्षार्थियों के विज्ञान में अधिक अंक प्राप्त किये हो।

(C) यदि फिर भी उपरोक्त परिस्थिति में भी एक से अधिक परीक्षार्थी समान अंक के रह जाते है, तो उस स्थिति में जन्म तिथि को आधार मानते हुये जो परीक्षार्थी कम आयु का होगा, उसका चयन किया जायेगा।

02. प्रोत्साहन :–

(A) राज्य प्रतिभा खोज परीक्षा में कक्षा 10 व 12 के राज्य स्तर पर योग्यता सूची में पृथक–पृथक प्रथम 20–20 चयनित विद्यार्थियों में से प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थी को एकमुश्त राशि 4,000/– रू. तथा शेष 19 विद्यार्थियों की एकमुश्त राशि 2,000/– रू. प्रोत्साहन स्वरूप देय होगी।

(B) जिन परीक्षार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किये है, उनको स्कॉलर सर्टिफिकेट (Scholar Certificate) तथा जिन परीक्षार्थियों ने 80 प्रतिशत से अधिक एवं 90 प्रतिशत तक अंक प्राप्त किये है, उन परीक्षार्थियों को विशेष योग्यता प्रमाण–पत्र (DISTINCTION CERTIFICATE) भी दिया जायेगा।

(C) केवल राजस्थान बोर्ड से सम्बद्धता प्राप्त राजकीय एवं गैर राजकीय विधालयों के परीक्षार्थियों को दोनों परीक्षा की योग्यता सूची में पृथक–पृथक प्रथम 20–20 चयनित परीक्षार्थियों को प्रोत्साहन स्वरूप प्रथम

**द्वितीय सत्र** :– भाषा योग्यता परीक्षा (LANGUAGE COMPREHENSIVE TEST) :–

इस प्रश्न पत्र में कुल 40 प्रश्न होंगे, जिन्हें 45 मिनट में हल करना होगा। प्रत्येक प्रश्न 1 अंक का होगा। विद्यार्थियों को अंग्रेजी अथवा हिन्दी भाषा में से किसी एक का चयन कर उससे संबंधित 40 प्रश्नों के उत्तर देने हैं।

हिन्दी भाषा में भाषिक योग्यता एवं अभिव्यक्ति क्षमता, शब्दार्थ, मुहावरे, लोकोक्तियां व व्याकरण संबंधी प्रश्न यथा– प्रत्यय, उपसर्ग, संधि, संधि विच्छेद, युग्म–शब्द, पर्यायवाची शब्द, तत्सम् शब्द एवं तद्भव आदि सम्मिलित होंगे।

अंग्रेजी भाषा के प्रश्न पत्र में Vocabulary, Lexical items, Synonyms. Antonyms. Tenses, Modals, Subjective verbs, Active, Passive voices, Prepositions, Narrative के प्रश्न सम्मिलित होंगे।

**तृतीय सत्र** :– शैक्षिक योग्यता परीक्षा (SCHOLASTIC APTITUDE TEST) :–

इस परीक्षा में 90 प्रश्न होंगे जिन्हें 9 0 मिनट में हल करना होगा। प्रत्येक प्रश्न 1 अंक का होगा। इस परीक्षा हेतु पाठ्यक्रम राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड/केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की कक्षा–9 व 10 तथा कक्षा 11 व 12 के स्तर का होगा। शैक्षिक योग्यता परीक्षा के प्रश्न पत्र में विषयवार प्रश्नों का

विभाजन निम्नानुसार रहेगा :–

1. भौतिक विज्ञान 25 प्रश्न
2. रसायन विज्ञान 25 प्रश्न
3. जीव विज्ञान 20 प्रश्न
4. गणित 20 प्रश्न

कुल=90 प्रश्न

कक्षा 12 हेतु

1. भौतिकविज्ञान–30 प्रश्न
2. रसायनविज्ञान–30 प्रश्न
3. जीवविज्ञान/गणित– 30 प्रश्न

कुल= 90 प्रश्न

आवेदन करने की तिथियाँ :–

| परीक्षा शुल्क | विद्यालयों द्वारा ऑनलाईन आवेदन करने तथा चालान मुद्रण करने की तिथी | शुल्क चालान द्वारा ई–मित्र पर जमा कराने की तिथी | विद्यालयों द्वारा बोर्ड को आवेदन पत्र की हॉर्ड कॉपी मय सूची परीक्षा शुल्क का ई–मित्र चालान भिजवाने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| बिना विलम्ब शुल्क | 26.09.16 | 27.09.16 | 07–10–2016 |
| विलम्ब शुल्क सहित | 03.10.16 | 04.10.16 | |

**परीक्षा शुल्क**

| परीक्षार्थी का वर्ग | बिना विलम्ब शुल्क | विलम्ब शुल्क सहित |
|---|---|---|
| सामान्य श्रेणी | 200 | 250 |
| अनु.जाति/ अनु. जनजाति/दिव्यांग/ बी.पी.एल. | 100 | 140 |

परीक्षा तिथि :– रविवार, दिनांक 27 नवम्बर, 2016

(अ) चैकलिस्ट प्राप्त करना:– सभी आवेदन–पत्रों की पूर्ति के पश्चात् उनका प्रिन्ट आउट (PROVISIONAL FORM FOR CORRECTION) निकलवा लें। इन प्रिन्ट आउट्स की जाँच मूल आवेदन–पत्रों/विद्यालय रिकॉर्ड से भली–भांति कर लें तथा आवश्यक संशोधन करें।

(ब) चालान फार्म व अग्रेषण सूची प्रिण्ट करना:– सभी संशोधन पूरे होने के पश्चात Data Lock करने के लिए Data Lock को क्लिक करें। Data Lock के पश्चात् किसी भी प्रकार का संशोधन नहीं होगा। ई–मित्र द्वारा निर्धारित ऑनलाईन चालान मुद्रित करें। ई–मित्र द्वारा रूपये 25/– प्रति चालान कमीशन लिया जायेगा। चालान फार्म तथा परीक्षार्थियों की अग्रेषण सूची प्रिन्ट करें। एक बार चालान मुद्रित होने के पश्चात् परीक्षा आवेदन–पत्र पुनः भरने के लिये चालान का शुल्क ई–मित्र पर जमा कराना अथवा पूर्व चालान को निरस्त करना आवश्यक है। ध्यान रहे कि चालान निरस्त करने की स्थिति में उस चालान से संबंधित सभी परीक्षा आवेदन–पत्र Delete हो जायेंगे।

(स) Online Challan मुद्रण दिनांक से ही परीक्षा शुल्क ई–मित्र कियोस्क पर जमा होगा। यदि ई–मित्र में अवकाश है तो उसके अगले कार्यदिवस को राशि जमा होगी। चालान पर ई–मित्र में शुल्क जमा कराने की प्रारम्भिक एवं अन्तिम तिथि मुद्रित होगी। इस अवधि में ही ई–मित्र में शुल्क जमा कराना है। इसका विशेष ध्यान रखा जावे।

4. परीक्षा शुल्क जमा कराना :–परीक्षा शुल्क चालान 4 प्रतियों में मय शुल्क विवरण प्राप्त होगा। चालान के साथ परीक्षार्थियों की अग्रेषण सूची भी दो प्रतियों में मुद्रित की जानी है। चालान, अग्रेषण सूची की दो प्रतियाँ एवं परीक्षा शुल्क निर्धारित अवधि में नकद ई–मित्र में जमा कराना है। ई–मित्र द्वारा शुल्क जमा करने के पश्चात् अग्रेषण सूची की एक प्रति पर ई–मित्र की सील लगाकर तथा चालान फार्म की 3 प्रतियाँ वापस लौटा दी जायेगी। ई–मित्र द्वारा चालान फार्म पर एक Transaction No. अंकित किया जायेगा।
5. परीक्षा आवेदन–पत्र ऑनलाईन मुद्रित करना :–परीक्षा शुल्क जमा कराने के पश्चात् पुनः बोर्ड की वेबसाईट पर Login करें। चालान फार्म पर अंकित Transaction No./Token No. जो कि ई–मित्र द्वारा भरा गया है, कम्प्यूटर में फीड करके ऑनलाईन परीक्षा आवेदन–पत्र मुद्रित करें। ई–मित्र द्वारा जारी ट्रांजेक्शन ID/टोकन नम्बर का सत्यापन होने के बाद ही आवेदन पत्र मुद्रित हो सकेगे। अस्थायी आवेदन पत्र (PROVISIONAL FORM FOR CORRECTION) स्वीकार नहीं किये जायेंगे। इन ऑनलाईन मुद्रित परीक्षा आवेदन–पत्रों को प्रमाणित कर आपको हस्ताक्षर करने हैं तथा विद्यालय की सील अंकित करनी है।
6. मुद्रित आवेदन पत्र, अग्रेषण सूची तथा चालान की प्रतियाँ भिजवाना :– ई–मित्र द्वारा सील लगाकर दी गई अग्रेषण सूची की एक फोटो प्रति करवा कर अपने पास सुरक्षित रखें। भरे हुए आवेदन पत्र की हॉर्ड कॉपी, अग्रेषण सूची तथा चालान की दो प्रतियों के साथ अगले दिन ही स्पीड पोस्ट/रजिस्टर्ड डाक से बोर्ड को भिजवाने का श्रम करें। लिफाफे पर सचिव, माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राज.,अजमेर राज्य प्रतिभा खोज परीक्षा 2016 अवश्य अंकित करें।
7. एक से अधिक बार ऑनलाईन परीक्षा आवेदन–पत्र भरना :–दुबारा ऑनलाईन आवेदन–पत्र भरने के लिये पुनः क्रम संख्या 3 (अ) से 6 तक की प्रक्रिया अपनावें।

8. उत्तर पत्रक (ओ.एम.आर.शीट) भरने के सामान्य निर्देश :–

उत्तर पत्रक (ओ.एम.आर. शीट) कार्बन प्रति सहित परीक्षार्थियों को उपलब्ध कराई जायेगी। कार्बन प्रति को परीक्षा उपरान्त परीक्षार्थी को साथ ले जाने की अनुमति दी जावें।

उत्तर पत्रक (ओ.एम.आर. शीट) के प्रत्येक चौखाने में नीले डॉट पेन से लिखना है तथा प्रत्येक गोले को एच.बी. पेन्सिल से गहरा करना है। चौखाने में लिखने में केवल केपिटल लेटर्स या अंक का प्रयोग करें। प्रत्येक चौखाने के नीचे उससे संबंधित अक्षर या अंक वाले गोले को ही एच.बी. पेन्सिल से गहरा काला करें।

गोला गलत भर जाने पर इसे रबड़ से अच्छी तरह साफ करें। तत्पश्चात् सही गोला भरें। उत्तर पत्रक में सही विकल्प को गहरा काला नहीं करने की स्थिति में स्कैनर द्वारा नहीं पढे जाने पर विद्यार्थी स्वयं ही जिम्मेदार होगा।

इस परीक्षा में उत्तर गलत होने पर प्राप्तांकों से अंक नहीं काटे जायेंगे। (Negative Marking) नहीं होगी।

ध्यान रहे उत्तर पत्रक (ओ.एम.आर. शीट) अत्यंत महत्वपूर्ण होने के कारण इसे मोड़े तोड़े नहीं। इसका दुरूपयोग नहीं करें। तथा इस पर किसी प्रकार की पिन या ऑलपिन को काम में ना लेवें।